संख्याः– 2506-09/निदे0म0क0/सुमंगला/पोर्टल–2/2022–23

प्रेषक,

निदेशक,
महिला कल्याण,
उ0प्र0।

सेवा में,

महानिदेशक,
स्कूली शिक्षा विभाग,
उ0प्र0।

दिनांकः लखनऊः 24 मार्च, 2023

विषय– मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के वेब पोर्टल के बेसिक शिक्षा विभाग के पोर्टल के ए0पी0आई0 इटीग्रेशन के संबंध में।

महोदय,

प्रदेश में समान लिगांनुपात स्थापित करने व कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ करने, बालिका के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बालिका के प्रति आम जन में सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु **मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना** संचालित है। योजना के अन्तर्गत बालिकाओं के जन्म के समय रू0 2000/–, एक वर्ष के टीकाकरण पूर्ण करने पर रू0 1000/–, कक्षा–1 में प्रवेश के समय रू0 2000/–, कक्षा–6 में प्रवेश के समय रू0 2000/–, कक्षा–9 में प्रवेश के समय रू0 3000/– तथा दसवीं/बारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री या दो वर्षीय या अधिक के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर रू0 5000/– एकमुश्त प्रदान किये जाते हैं।

2– इस योजना का संचालन, एन0आई0सी0 की तकनीकी मार्गदर्शन में कार्यरत वेब पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। उच्च स्तर पर की गई समीक्षा में योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने की प्रकिया को सरल बनाने के लिए योजना के वेब पोर्टल का शिक्षा विभाग के वेब पोर्टल से ए0पी0आई0 के माध्यम से इंटीग्रेशन किए जाने के निर्देश दिए गए है, जिससे कक्षा 1 व कक्षा 6 में अध्ययनरत बालिकाओ का सत्यापन, शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक छात्र को प्रदान किए जाने वाले यूनीक नम्बर के आधार पर वेब ए0पी0आई0 के माध्यम से किया जा सके।

3– तत्कम मे आपसे अनुरोध है कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के वेब पोर्टल के बेसिक शिक्षा विभाग के पोर्टल के ए0पी0आई0 इटीग्रेशन के संबंध आवश्यक कार्यवाही तथा विभाग के साथ समन्वय करने हेतु संबधित अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें। इस कार्य हेतु आवश्यक समन्वय श्री आशुतोष कुमार सिंह, उपनिदेशक महिला कल्याण विभाग (मो0 7518024178) द्वारा किया जाएगा।

भवदीया

(सरनीत कौर ब्रोका)
निदेशक।

पृष्ठांकन व दिनांक–यथोक्त।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. श्रीमती अमिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक राज्य सूचना विज्ञान केंद्र लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि ए0पी0आई0 इंटीग्रेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का कष्ट करें।

(सरनीत कौर ब्रोका)
निदेशक

23/3/23